बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

विस्तृत सूचना

कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के अंतर्गत सहायक संग्रहालयाध्यक्ष/शोध एवं प्रकाशन पदाधिकारी/सहायक निदेशक, (बिहार संग्रहालय सेवा) के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक–30.09.2020 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–65/2020 के लिए CWJC No-496/2014 (हरिकृष्ण प्रसाद बनाम बिहार राज्य एवं अन्य) में दिनांक–28.06.2021 को माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में विभागीय पत्रांक–715, दिनांक–15.12.2022 द्वारा नियुक्ति नियमावली में संशोधन करते हुए शैक्षणिक योग्यता में भी संशोधन की सूचना दी गई है।

संशोधनोपरान्त विज्ञापन संख्या–65/2020 के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

अनिवार्य अर्हताएँः–

(क) प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति/पुरातत्त्व अथवा प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन/प्राचीन भारतीय इतिहास एवं कला इतिहास में स्नातकोत्तर की डिग्री।

(ख) पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा–इन–म्यूजियोलॉजी/पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा–इन–आर्कियोलॉजी न्यूनतम 55% अंक के साथ।

अथवा

उत्खनन/संरक्षण/संग्रहालय में 03 (तीन) वर्षों का कार्य अनुभव।

विभागीय संशोधनोपरान्त सुयोग्य उम्मीदवारों से जो पूर्व में आवेदन नहीं किए हैं तथा वांछित उपाधियाँ धारण करते हैं, से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। उक्त विज्ञापन हेतु पूर्व में जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र भरा जा चुका है, वे अपने उक्त ऑनलाईन आवेदन पत्र के संबंधित कॉलमों में Edit option का उपयोग कर अन्य वांछित संशोधन सहित शैक्षणिक योग्यता के अनुसार संशोधन कर सकते हैं।

उक्त आलोक में ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की संशोधित तिथि निम्नवत् हैः–

क्र०सं०	ऑनलाईन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	तिथि
1.	ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	दिनांक–02.01.2023
2.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–16.01.2023
3.	ऑनलाईन आवेदन में Edit करने की अंतिम तिथि	दिनांक–23.01.2023

नोटः– ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के समय प्रकाशित है, जो यथावत् है।

2. Edit करने हेतु दिनांक–02.01.2023 से लिंक उपलब्ध रहेगा।
3. **ऑनलाईन आवेदन ही अनुमान्य एवं पर्याप्त है। आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में भेजने की आवश्यकता नहीं है और यह अनुमान्य भी नहीं होगा।**

30.12.22

परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।